>

Title: Need to provide compensation to farmers in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan - Laid

श्री राहुल कस्वां (चुरू):मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू (राजस्थान) में पिछले दो दिन से भारी वर्षा व ओलावृष्टि हो रही है जिससे नोहर के कर्मसाना, गोरखाना, असरजाना, बिरकाली, भादरा के राखी बोझला, भाडी, रतनगढ़ के गोरीसर, सातड़ा, मोतीसर छोटा, चुरू तहसील के जसरासर, पोटी, बीनासर, रामपुरा, खारिया एवं राजगढ़ तहसील के सुरतपुरा, सदाउ, लूटाना, बीसलान, श्योपुरा, लूदी, इंदासर, गोठयां, जसवंतपुरा और सरदारशहर के सारसर, उदासर, भेरूसर, दान्दूसर, भदासर, बंधनाउ, गांवों में किसानों की रबी फसल में चना, गेहूं, सरसों, जो, तारामीरा आदि फसल पूर्णतः नष्ट हो चुकी है । इसके अलावा सुजानगढ़ व रतनगढ तहसील के किसानों की पकी हुई कटाई की गई फसल वर्षा से भीगने के कारण नष्ट हो चुकी है ।

मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अधिकांश गांवों में तूफान, ओलावृष्टि एवं भारी वर्षा से किसानों के खेतों में खड़ी फसल एवं कटाई की गई फसल को हुए नुकसान का आंकलन करवाकर किसानों को मुआवजा प्रदान करवाने की कृपा करें ।